दिनांक : 30/06/2026 समय :7.10एएम

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार:-

1. भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में शामिल, कहा केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा ने।
2. जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन समारोह आज, मुख्यमंत्री राजगढ़ जिले मंे होंगे शामिल।
3. कड़ी सुरक्षा के बीच तीन जुलाई से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा।
4. भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2028 लाॅस एंजिल्स ओलंपिक्स में अपनी जगह बनाई।

नड्डा-डिजिटल स्वास्थ्य

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कल नई दिल्ली में डिजिटल सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से आयोजित 'डिजिटल हेल्थ इनिशिएटिव्स लॉन्च कार्यक्रम' में आरोग्य सेतु 2.0 सहित कई नई डिजिटल स्वास्थ्य पहलों का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा है कि भारत विश्व के सबसे बड़े डिजिटल स्वास्थ्य इकोसिस्टम में शामिल है और इन पहलों का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक एकीकृत, सुलभ, पारदर्शी और नागरिक-केंद्रित बनाना है।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग तथा भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू हुआ है। इसके तहत आगामी तीन वर्षों में पीएम-केयर्स के माध्यम से प्रदेश को 13 एमआरआई मशीनें, 11 मैमोग्राफी मशीनें तथा 308 एआई-सक्षम हैंडहेल्ड एक्स-रे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे प्रदेश में स्वास्थ्य एवं निदान (डायग्नोस्टिक) सेवाओं को उल्लेखनीय मजबूती मिलेगी तथा आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा।

जल गंगा संवर्धन अभियान

जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के साथ उनके संरक्षण के उद्देश्य से शुरू किए गए जल गंगा संवर्धन अभियान का आज समापन हो रहा है। इस अभियान के संचालन में राजगढ़ जिले को भोपाल संभाग में प्रथम स्थान मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज राजगढ़ जिले के विकासखंड सारंगपुर अंतर्गत भैंसवामाता जी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और जिले के 352 करोड रूपये के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, तकनीकी शिक्षा व कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर भी उपस्थित रहेंगे।

उल्लेखनीय है कि जल गंगा संवर्धन अभियान की इस अल्पावधि में ग्रामीण, नगरीय, वन, सिंचाई, शिक्षा और औद्योगिक क्षेत्रों सहित विभिन्न स्तरों पर लगभग 3.62 लाख से अधिक जल संरक्षण और संवर्धन के कार्य सफलतापूर्वक क्रियान्वित किये गये हैं।

सिंधिया-गुना

केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल गुना जिले की बमोरी विधानसभा के ग्राम चक विश्वनगर स्थित भौंरा में लगभग 278 करोड़ की लागत से निर्मित होने वाले 220 केवी विद्युत उपकेंद्र का भूमिपूजन किया। यह महत्त्वपूर्ण परियोजना क्षेत्र के लगभग 225 गाँवों के 2.5 लाख से अधिक परिवारजनों को सुदृढ़, निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करेगी, जिससे कृषि, उद्योग और जनजीवन को नई गति मिलेगी। इस अवसर पर उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए  कहा कि हम सशक्त, समृद्ध एवं विकसित गुना के निर्माण हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्यरत हैं।

शिवराज- हरियाणा

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चैहान आज हरियाणा का दौरा करेंगे और खेत बचाओ अभियान के समापन समारोह में शामिल होंगे। कृषि मंत्री किसानों से सीधे बातचीत करेंगे। श्री चैहान वहां एक प्रदर्शनी में भी जाएंगे जिसमें खेती से जुड़े मॉडल और आधुनिक कृषि के तरीकों, मृदा  प्रबंधन, फसल सुरक्षा, पशुपालन और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी पहल प्रदर्शित करने वाले स्टॉल लगाए जाएंगे।

इसके बाद श्री चैहान पूर्वोत्तर के दो दिन के दौरे पर रवाना होंगे। वे गुवाहाटी में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें असम और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ से हुई फसल, गांवों और बुनियादी ढांचे की क्षति तथा राहत कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

पेट्रोलियम - प्रतिबंध हटाए गए

सरकार ने पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंध हटाने का फैसला किया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों के पेट्रोल पंपों पर एक जुलाई से ये प्रतिबंध लागू नहीं रहेंगे।

मंत्रालय के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईंधन की आपूर्ति बनाए रखने और कालाबाजारी रोकने के लिए 12 जून से ये अस्थायी प्रतिबंध लगाए गए थे। इसके तहत एक ग्राहक या वाहन को प्रतिदिन अधिकतम 200 लीटर डीजल देने की सीमा तय की गई थी।

सरकार ने कहा है कि अब देश में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सामान्य हो गई है। इसलिए जनहित में इन अस्थायी प्रतिबंधों को वापस लिया जा रहा है।

मेघवाल-नोटरी मॉड्यूल

कानून और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कल नई दिल्ली में नोटरी नियुक्तियों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करने के लिए एक नया आवेदन मॉड्यूल लॉन्च किया। यह मॉड्यूल योग्य कानूनी पेशेवरों और अधिवक्ताओं को नोटरी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन जमा करने में सक्षम बनाता है।

विधि और न्याय मंत्रालय ने बताया है कि विधिक मामलों का विभाग नोटरी अधिनियम, 1952 और नोटरी नियम, 1956 के अंतर्गत आवश्यकताओं के आधार पर समय-समय पर इस मॉड्यूल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करेगा।

जम्मू- अमरनाथ यात्रा

तीन जुलाई से शुरू हो रही 57 दिन की अमरनाथ यात्रा को लेकर जम्मू-कश्मीर और पंजाब में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। यात्रा मार्ग, आधार शिविरों और पवित्र गुफा तक जाने वाले दोनों रास्तों पर व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।

यात्रियों के पहले जत्थे जम्मू पहुंचने लगे हैं। जम्मू में सीसीटीवी कैमरों और आधुनिक निगरानी प्रणाली को सक्रिय कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों ने तैयारियों का जायजा लेने के लिए मॉक ड्रिल भी की है।

भेंट-पुलिस महानिदेशक

पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा से नीदरलैंड के मुंबई स्थित कॉन्सुल जनरल नबील ताउआती ने कल पुलिस मुख्यालय, भोपाल में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कॉन्सुल जनरल के साथ मुंबई के वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार कौस्तुभ परिहार एवं कृषि सलाहकार प्रसाद पारते भी उपस्थित रहे। भेंट के दौरान पुलिस महानिदेशक ने मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा कानून-व्यवस्था सुदृढ़ीकरण, आधुनिक पुलिसिंग, तकनीकी नवाचार एवं नागरिक-केंद्रित पुलिसिंग के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी।

लॉस एंजिल्स - महिला क्रिकेट टीम

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने 2028 में होने वाले लॉस एंजिल्स ओलंपिक खेलों के लिए अपना स्थान पक्का कर लिया है। आईसीसी ने कल पुष्टि की कि भारत सहित ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और दक्षिण अफ्रीका ने भी ओलंपिक खेलों में जगह बना ली है।

भारतीय टीम ने टी-ट्वेंटी विश्व कप में अपने महाद्वीप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के आधार पर क्वालीफाई किया है।

दीक्षांत समारोह

उज्जैन के महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय का छटवां दीक्षांत समारोह आज कालिदास संस्कृत अकादमी में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल मंगुभाई पटेल करेंगे और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगें। समारोह में उच्च शिक्षा-तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंद्रसिंह परमार, सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक अनिल जैन विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित रहेंगे।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

1. आगरमालवा के मोतीसागर तालाब पर होमगार्ड जवानों का विशेष तैराकी और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण आगामी 5 जुलाई तक जारी रहेगा।
2. इंदौर जिले के छोटी बेटमा स्थित विशिष्ट आदिवासी बालक क्रीड़ा परिसर में पीटीआई के रिक्त पदों के लिए 6 जुलाई को वॉक-इन इंटरव्यू का आयोजन किया जाएगा।
3. केंद्रीय राज्य मंत्री और सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते आज डिंडौरी जिले के प्रवास पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके साथ ही वे समनापुर और कुटेला क्षेत्र के स्थानीय कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगे।
4. माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 जुलाई 2026 कर दी है।
5. झाबुआ में युवा संगम का आयोजन 1 जुलाई को शासकीय शहीद चन्द्रशेखर आजाद महाविद्यालय में किया जाएगा।
6. बैतूल में हॉकी प्रतिभा खोज चयन ट्रायल में जिले के युवा खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन किया।
7. कटनी कलेक्टर आशीष तिवारी ने निर्वाचन सदन स्थित ईवीएम वेयरहाउस और स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया।

-------------